4,500 करोड़ के शुगर पैकेज पर कैबिनेट करेगी विचार

नई दिल्ली: नकदी संकट से जूझ रहे चीनी क्षेत्र के लिए बुधवार को होने वाली केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 4,500 करोड़ रुपये के पैकेज पर विचार किया जा सकता है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। इस पैकेज में अक्टूबर से शुरू हो रहे अगले मार्केटिंग ईयर के लिए गन्ना उत्पादकों को उत्पादन मदद दोगुनी करने और 50 लाख टन तक चीनी निर्यात पर परिवहन सहायता देना शामिल हो सकता है। कई राज्यों में विधानसभा चुनावों और अगले साल आम चुनाव से पहले सरकार चीनी उद्योग के लिए दूसरा पैकेज लाने पर विचार कर रही है। इस महीने खत्म हो रहे मार्केटिंग ईयर में रिकॉर्ड 320 लाख टन उत्पादन से चीनी क्षेत्र के समक्ष अत्यधिक भंडार का संकट उत्पन्न हो गया है। इससे पहले जून में चीनी उद्योग के लिए 8,500 करोड़ की वित्तीय मदद की घोषणा की गई थी।

The economic Times.
26-09-18.